अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

जैनधर्म का पूरा जैनशास्त्र संस्कृत भाषा में आधारित हैं

जैन धर्म का जैनशास्त्र काफी पुराना है। उसे करीबन 3000 वर्ष हो चुके है। यह धर्म प्राचीन पाषाण युग को भी प्रचलित करता है।

जैन धर्म के अनुयायी गण पूरे देश में कौने-कौने पर बसे हुए है। इन्हें केन्द्र शासन और रायशासन उचित तरीको से नहीं निभाता है। जबकि दूसरे धर्मो के लिए सरकारें समय-समय पर उचित सुविधाएं एवं सुरक्षाएं प्रदान करती रही है। आज भारत का जैन धर्म अहिंसा परमो धर्म पर पूर्णतः आधारित है। जैनधर्म अन्य धर्मो को समय-समय पर राह दिखाता रहा। मगर उसे कोई कमियां नहीं है, वह अपने आप में सभी तरह से सक्षम है।

पोडियाट्री एसोसिएशन की राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेस संपन्न

इंदौर, इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन के एमपी चैप्टर की राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस बांधवगढ़ में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एपीएस सूरी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. उमेश मसंद (इंदौर) ने बताया कि ऐसी दवाइयाँ जो पैरों में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाए और रक्त वाहिनियों के संकुचन को रोके, वे डायबिटीज के गंभीर प्रभावों को कम करने में सहायक होती हैं।

रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के एमपी स्टेट सेक्रेटरी एवं इंदौर के डायबिटीज, मोटापा, थायराइड एवं हार्मोन विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने ÷कम्युनिटी एजुकेशन और डायबिटिक फुट अल्सर की रोकथाम÷ विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि भारत में हर वर्ष

डायबिटीज के कारण लगभग 2 लाख अंग भंग (एम्प्युटेशन) के मामले सामने आते हैं, जिन्हें जागरूकता और सही देखभाल से रोका जा सकता है।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि डायबिटीज एजुकेशन के माध्यम से 80 प्रतिशत तक एम्प्युटेशन रोके जा सकते हैं और एक दिन की सही शिक्षा से मरीज की जीवन प्रत्याशा में लगभग 550 दिनों की वृद्धि संभव है। उन्होंने पैरों की देखभाल पर जोर देते हुए सुझाव दिए कि कावड़ यात्रा जैसे अवसरों पर नंगे पैर चलने से बचें, पैरों की देखभाल चेहरे की तरह करें, आरामदायक जूते पहनें, उन्हें शाम के समय खरीदें तथा नाखून सीधे काटें।

इस अवसर पर डॉ. राजेश अग्रवाल को गेस्ट ऑफ ऑनर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नर्मदा पटेल, डॉ. रवि (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी), डॉ. मनोज इंदुरकर, डॉ. अनुराग चौरसिया तथा मुख्य अतिथि फॉरेस्ट डायरेक्टर रोहित कटारिया सहित देश के कई प्रतिष्ठित पोडियाट्रिस्ट उपस्थित रहे।

लोकल स्पोर्ट्स

अंडर 20 जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती भिलाई में मध्यप्रदेश के नीरज पटेल ने स्वर्ण जीता

इंदौर। मध्यप्रदेश कुश्तीसंघ के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि भिलाई छत्तीसगढ़ में संत्रप हुई,जूनियर राष्ट्रीय अन्डर 20 में फिर से स्वर्ण पदक जीता,ओलम्पियन पप्पू यादव ने बताया कि 55kg में नीरज का यहाँ 3रा स्वर्ण पदक,मध्यप्रदेश के पहलवानों ने राष्ट्रीय कुश्ती एक कस्य पदक पवन पटेल ने भी जीता,प्रदेश ने 2 दो पदक जीते हैं, स्वर्ण विजेता अंतरराष्ट्रीय पहलवान नीरज पटेल ने हरियाणा ,दिल्ली, छत्तीसगढ़, जैसे मजूबत राज्यों के पहलवानो को हराकर यहाँ स्वर्ण पदक जीता, इनके 7 कोच के रूप में मध्यप्रदेश युवा कल्याण भोपाल विभाग के nis कोच यश यादव ,रिंकु यादव,जगदीश पटेल गये। मध्यप्रदेश के पहलवानो की शानदार उपलब्धि पर ओलपिंयन पप्पू यादव, विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री,सुरेश यादव,गोविन्द गुज्जर,विकाश यादव,रेलवे के सचिन यादव,सुरेश राणे ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

द्वितीय देवी अहिल्या चेस कप प्रतियोगिता 19 को

इन्दौर (ई) मध्य प्रदेश वीमेन चेस चैप्टर (MPWCC) द्वारा आल इन्दौर चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय इन्दौर पब्लिक स्कूल के नार्थ कैंपस पर द्वितीय देवी अहिल्या चेस कप प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 19 अप्रैल को किया जा रहा है। इन्दौर शहर में शतरंज की गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार स्वरूप साठ हजार इनामी राशि भी निर्धारित की गई है। जिससे अंडर-8 ,10 ,12 ,14 ,16 एवं सीनियर वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण हेतु श्रीमती पोरवाल श्रीमती तापड़िया से सम्पर्क किया जा सकता है।

किड्स कॉलेज में जिला किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता आज से

इन्दौर। इंदौर जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन व किड्स कॉलेज स्कूल द्वारा इंदौर जिला किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज 14 अप्रैल को विंध्याचल नगर एरोड्रम रोड पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किड्स कॉलेज स्कूल के चेयरमेन अभिषेक मिश्रा, प्राचार्य जूही मिश्रा,एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के महासचिव आशुतोष दद्दीच द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता मे इंदौर जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन से संबंधता प्राप्त स्कूल, क्लब के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के नियम अनुसार आयोजित की जाएगी । इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी महा में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में इंदौर जिले किकबॉक्सिंग टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। उक्त जानकारी विनोद सोनडवले ने दी।

मप्र हैंडबॉल संघ प्रशिक्षण शिविर की 15 अप्रेल से होगी शुरुआत

इन्दौर। मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ का प्रशिक्षण शिविर दिनांक 15 अप्रेल से 15 मई तक मल्हार आश्रम खेल मैदान पर एक माह का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने बताया कि शिविर मे आने वाले खिलाड़ीयो को टी- शर्ट प्रदत्त की जावेगी। शिविर मे हैंडबॉल खेल के साथ शारिरिक दक्षता व मानसिक संतुलन योग के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा सिखाया जावेगा। हैंडबॉल हेतु एनआईएस कोच डॉ रंजीत सिंह रावत, विक्रम अवार्डी राजेश जोशी, राहुल चित्रे, शुभम भगत, पूजा शर्मा आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जावेगा। शिविर मे प्रतिभाग लेने के लिए मल्हार आश्रम मैदान पर राजू शर्मा व हर्षित घेंघट से संपर्क कर सकते है ।

बहुजन समाज पार्टी का बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह कार्यक्रम

इन्दौर। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में परम पूज्य बाबासाहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह कार्यक्रम जोन स्तरीय टॉवर चौक, फीगंज, उज्जैन में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को होगा। जिसके मुख्य अतिथि मा. जियालाल अहिरवार जी (प्रदेश प्रभारी बसपा म.प्र), विशेष अतिथि मा. डॉ. रावण वर्मा की (जोन प्रभारी बसपा इंदौर) मा. धीरेन्द्र निराला जी (जोन प्रभारी बसपा इंदौर) होंगे। इन्दौर से सैकड़ों कार्यकर्ता उज्जैन जयंती समारोह में भाग लेने जायेंगे। यह जानकारी गौतम जामनिक ने दी।

चौथी श्री जगदीशचंद्र जी वर्मा दादा स्मृति आट्या पाट्या जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

इन्दौर।

खेल जगत को अपना जीवन अर्पित करने वाले खेल मसीहा दादा श्री जगदीशचंद्र वर्मा जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में 12 अप्रैल 2026 को चौथी श्री जगदीशचंद्र वर्मा दादा स्मृति आट्या पाट्या प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय खेलों की संस्था अरविंद क्रीड़ा मंडल एवं जिला आट्या पाट्या संघ द्वारा चिमनबाग मैदान पर किया गया, जिसमें डेजी डेल्स, हम्प्टी डम्प्टी, श्री भारतीय संस्कृति संस्थान स्कूल, ऑक्सफ़ोर्ड एकेडमी, ITI, CM राइज मल्हारश्रम कई

स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। लीग के मैचेस में बालक वर्ग में डेजी डेल्स ने ऑक्सफोर्ड को 2-1, हंप्टी डंप्टी ने श्री भारतीय संस्कृति संस्थान को 2-0 से, ITI ने डेजी डेल्स को 2-0 से हराया एवं बालिका वर्ग में डेजी डेल्स ने श्री भारतीय संस्कृति संस्थान को 2-0 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मदर कान्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती रीना वर्मा, एथलेटिक्स की अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता एवं विक्रम अवार्ड से सम्मानित श्रीमती उषा वर्मा बौरासी, अरविंद क्रीड़ा मंडल की संरक्षक श्रीमती इंदु जगदीश चंद्र वर्मा, आट्या पाट्या जिला संगठन के सचिव श्री किशोर वर्मा, प्रगति एथलेटिक क्लब देवास के संस्थापक श्री अनिल श्रीवास्तव,आट्या पाट्या के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच कपिल पांसे, श्रीमती किरण बाला टांडी, श्री शिवनारायण टांडी, श्री विनोद वर्मा, सुनील कैथवास, मयूरी वर्मा, प्रेरीता साहू, आयुष वर्मा द्वारा दादा को याद करते हुए भूमि पूजन कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया एवं अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इंदौर बहुजन समाज पार्टी के इन्दौर जिला अध्यक्ष बने जामनिक

इंदौर। बहुजन समाज पार्टी, इन्दौर के गौतम जामनिक को जिला अध्यक्ष बसपा नियुक्त किया गया है। गौतम जामनिक के जिला अध्यक्ष बनने पर माननीय जियालाल अहिरवार (प्रदेश प्रभारी बसपा म.प्र.) एवं इंजि. रमाकांत पिप्पल (प्रदेश अध्यक्ष बसपा म.प्र.) का आभार व्यक्त किया।

गौतम जामनिक के जिला अध्यक्ष बनने पर इन्दौर में हर्ष व्यक्त है, डॉ. रावण वर्मा (जोन प्रभारी इंदौर), धीरेन्द्र निराला (जोन प्रभारी इन्दौर), श्रीमती उषा मौर्य (पूर्व जोन प्रभारी, बसपा इंदौर), धर्मदास अहिरवार (पूर्व जोन प्रभारी, बसपा इंदौर), ओमप्रकाश बारदी (पूर्व जिला प्रभारी), श्रीमती छाया कोढे, दीपक अहिरवार, मनोहर बिजौरे, जयराज बरेलिया, शुभम अठावले, अरूण कौचुरे, अटकड़ेजी, लक्ष्मणसिंह उज्जैनी, जीवन परमार, घनश्याम जाटव, दिनेश जाटव, सुभाष वानखेड़े, तानाजी उइके, गोपाल मेश्राम, सतीश गवई, रवि पाटिल, विजय जाटव, राहुल मेश्राम, नेहरू कुरवाड़े, पवन मेश्राम, उमेश ऐले, प्रकाश वानखेड़े, राजेश गावंडे, संजय घडसे, बलीराम वर्मा, बसंत उज्जैनी, महेश बाडोलिया, मुकुंदजी, फिरोज खान, अनिल इंगले, इन्द्रपाल बौद्ध आदि ने बधाई दी है। यह जानकारी गौतम जामनिक जिला अध्यक्ष बसपा इन्दौर ने दी।

डॉ अंबेडकर जन्म उत्सव मनाया गया

इन्दौर। डॉ बी आर अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनका जन्म उत्सव डॉक्टर बी आर अंबेडकर वाचनालय नेहरू नगर पर मातो श्री रमाबाई महिला मंडल द्वारा मनाया गया डॉ बी आर अंबेडकर वाचनालय नेहरू नगर पर मातो श्री रमाबाई महिला मंडल द्वारा एक नन्हे मुन्ने शिशु को पालने में में झूला झुलाकर जो बाड़ा जोजो रे गीत गाकर बाबा साहब का जन्म उत्सव मनाया गया यह जानकारी बौद्ध समाज मीडिया प्रभारी सुरेश वानखेड़े द्वारा दी गई।

अमरनाथ यात्रा - लाल अस्पताल को बनाया अधिकृत मेडिकल सेंटर

इन्दौर (ई) इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के लिए भक्तों के उत्साह को देखते प्रशासन पर्याप्त इंतजाम में जुटा है।

इस बीच इन्दौर में अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल व्यवस्थाओं को लेकर उठे सवालों पर गंभीर हो प्रशासन और श्राइन बोर्ड ने त्वरित सक्रियता दिखाते बड़ा निर्णय ले लाल अस्पताल को भी अधिकृत मेडिकल सेंटर के रूप में अनुमति दे दी है अब यहां से भी श्रद्धालु यात्रा हेतु मेडिकल सार्टिफिकेट बनवा सकते हैं।

ज्ञात हो कि इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होगे, 57 दिन तक चलने वाली यह यात्रा 28 अगस्त को खत्म होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अनुसार यह यात्रा 13 से 70 वर्ष के श्रद्धालु ही कर सकेंगे इसके लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रहेगा। रजिस्ट्रेशन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नैशनल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और यस बैंकों सहित देशभर की 556 बैंक शाखाओं और ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकेगा। यात्रा दो मार्गो- पहलगाम और बालटाल से होगी।

सेन समाज ने 726वी सेन जयंती मनाई

इन्दौर। श्री सकल पंच अजमेरी ढूंढाडी सेन समाज इंदौर के अध्यक्ष कमल पवार ने एक प्रेस विज्ञप्ति मैं बताया की सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वी सेन जयंती 14 अप्रैल 2026 को सेन बगीची, पीलिया खाल (बड़ा गणपति) शारदा कन्या विद्यालय के पीछे प्रातः 9 हवन पूजन एवं अभिषेक कर मनाया गया।

इस कार्यक्रम के अतिथि दानवीर अनूप हर्शवाल एवं विशेष अतिथि भारतीय सेन समाज महिला इंदौर की अध्यक्ष श्रीमती तरुण लता खटोड़ होगी। था। इस अवसर पर कैलाश खटोड़, सतीश सेन अशोक सेन, सुनीता सेन, हिमांशु सेन, मनोहर सेन, मुरली सेन विजय सेन आदि समाज बंधु इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इंदौर जिले को दोनों वर्गो में खिताब

इन्दौर। स्थानीय चिमनबाग मैदान, इंदौर में आयोजित 31 वी सबजूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में इंदौर जिले ने दोनों वर्गो में मंदसौर जिले को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में मंदसौर ने रीवा को 11-02, इंदौर ने जबलपुर को 07-00 से पराजित किया। हार्डलाइन मैच में जबलपुर ने रीवा को 10-06 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंदौर जिले ने मंदसौर जिले को 12-02 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग के सेमीफाइनल में इंदौर जिला ने इंदौर कॉर्पोरेशन को 04-03, मंदसौर ने रीवा को 10-02 से पराजित किया। हार्डलाइन मैच में इंदौर कॉर्पोरेशन ने रीवा जिले को 11-01 से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच में इंदौर जिले ने मंदसौर जिले को 03-02 कशमकश मुकाबले में पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में इंदौर जिले की दक्षिता पाल, इशिका कार्णिक, बालक वर्ग में इंदौर के विराट राजपूत, अनिरुद्ध राठौर का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बालक वर्ग में रिद्धांश गाथे (बेस्ट पिचर), अब्बास मंदसौर (बेस्ट हिटर),मिहिर सिंह राजावत (बेस्ट फील्डर), प्रिंस अहिरवार (बेस्ट कैचर), वही बालिका वर्ग में दिशा पाल (बेस्ट पिचर), गौरी चौहान (बेस्ट हिटर), गौरी पाटीदार (बेस्ट फील्डर), कंचन मंदसौर (बेस्ट कैचर) रहे। पुरस्कार वितरण महापौर परिषद सदस्य राजेश उदावत, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद सुरेश टाकलकर, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष गजानन गावड़े, महेश जोशी मोनी, राघवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

नाम परिवर्तन

मैं, संजय केवलरमानी (SUNJAY KEWALRRAMANI) पुत्र कन्हैयालाल केवलरमानी, मेरे पुत्र का घर का नाम विहान केवलरमानी (VEEHAN KEWALRRAMANI) है। जबकि वर्तमान में वह माधव केवलरमानी (MADHAV KEWALRAMANI) पुत्र संजय केवलरमानी (SUNJAY KEWALRRAMANI) के नाम से जाना-पहचाना जाता है और भविष्य में भी मेरा पुत्र विहान केवलरमानी (VEEHAN KEWALRRAMANI) के नाम से जाना-पहचाना जाएगा। उसके शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अन्य प्रपत्रों में भी माधव केवलरमानी (MADHAV KEWALRAMANI) लिखा गया है। अतः प्रकाशन उपरान्त मेरे पुत्र को भविष्य में भी विहान केवलरमानी (VEEHAN KEWALRRAMANI) के नाम से जाना-पहचाना, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अन्य प्रपत्रों में भी उसका नाम विहान केवलरमानी (VEEHAN KEWALRRAMANI) लिखा एवं पढ़ा जावेगा।

(संजय केवलरमानी)
पता- फ्लेट नं. 301, पुष्परतन लेडमार्क साकेत 384, साकेत नगर, इंदौर

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क. जी 11)
इन्दौर, दिनांक 31-03-2026
क्रमांक/1430/अकरी-2026 **प्रकरण क्र.**/0613/**ब**-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,
1. श्री संतोष पाठेकर पिता श्री भाटू पाठेकर
पता नं. 1:- 137 न्यूटन नगर कॉलोनी, सेक्टर नं.। पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) 454775
पता नं. 2:- प्लाट नं. बी-02 ए, ओम श्री रेसीडेंसी कॉलोनी महूँगांव तहसील महूँ जिला इंदौर 453441
2. श्रीमती सलोनी पाठेकर पति श्री सुखराम पाठेकर
पता नं. 1:- 137 न्यूटन नगर कॉलोनी, सेक्टर नं. । पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) 454775
पता नं. 2:- प्लाट नं. बी-02 ए, ओम श्री रेसीडेंसी कॉलोनी महूँगांव तहसील महूँ जिला इंदौर 453441

द्वारा:- पेपर प्रकाशन ।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:- 304-305 बी एम टावर, लोटस शो रूम के सामने, सपना संगीता रोड़ इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया हैं कि **बंधक संपत्ति प्लाट नं. बी-02 ए, ओम श्री रेसीडेंसी कॉलोनी महूँगांव तहसील महूँ जिला इंदौर 453441** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)
दिनांक 31/03/26

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 32 इंदौर
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विक्रम पिता श्री मानसिंह मंडलोई के द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्रमांक 32 राजस्व विभाग पर सर्विस क्रमांक/पिन क्रमांक (1) 2000001155 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. (1) 901 शुभ लाभ हाईट्स ब्लाक-बी खजराना इन्दौर के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14.04.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
पंजीयन कार्यालय मोती तबेला झोन क्र. 32, नगर निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 3 इंदौर
जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ग्रीष्मा गहलोत पति जितेन्द्र सिंह गहलोत मो.नं. ..... द्वारा झोन क्रं. 3, वार्ड 57 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ दानपत्र द्वारा प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1000888742 पता 224 तिलक पथ 307 मिसाल प्लाजा इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14.04.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 3, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अद्योसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र इंदौर
//आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **सेक्टर-ए पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया** इन्दौर में स्थित भूखंड क्रमांक 101 **कु. हेमलता पिता श्री सतगुरुदयाल वशिष्ट** को म.प्र. गृह निर्माण मंडल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी ने उक्त भूखंड बजर्ये रजिस्ट्री दिनांक 25.07.1996 से **श्री अरविन्द्रानन्द खन्ना पिता श्री सत्यानंद खन्ना एवं श्रीमती रूबी खन्ना पति श्री अरविन्द्रानन्द खन्ना** को विक्रय किया गया है। तथा इन्होंने मंडल में संयुक्त नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया है। जो कि विचाराधीन है। यहां यह भी उल्लेख है कि उक्त भवन के मूल आवंटी को उनके ज्ञात पतों पर काफी ढूंढा व तलाशा परन्तु उनका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका है।

उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
सी. 1744 **म.प्र.गृ.नि. एवं अधोसंरचना विकास मंडल इंदौर**

न्यायालय- श्रीमती बिंदिया पाठक, 13वें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, इन्दौर (म.प्र.)
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
एमजेसी एसयूसी/275/2025
तुलिका **विरुद्ध** सर्वसाधारण व अन्य
पेशी दिनांक 08.05.2026

प्रेषिती 1. सर्व साधारण, 2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि **तुलिका मेहरा पिता स्वः श्री ईश्वरलाल मेहरा, निवासी- 80 सी, वैशाली नगर इन्दौर म.प्र.** ने **मृतक श्री ईश्वरलाल पिता स्वः श्री नाथूलाल मेहरा** की राशि/सम्पत्ति/शेयर्स हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक **08.05.2026** को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक का **मृतक श्री ईश्वरलाल पिता स्वः श्री नाथूलाल मेहरा** का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक **08.05.2026** को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख **31.03.2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(श्रीमती बिंदिया पाठक), तेरहवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, जिला इन्दौर (म.प्र.)
नोटः यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा। **सी-1743**

परिशिष्ट-ट
प्रारूप-ण
(नियम 22 (क) (6) देखिए)
धारा 30-क के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना
क्रमांक INDLP17022656607/ दिनांक/06/APR/2026
क्र./1973/नग्रानि/Indore दिनांक 05/APR/2026

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (Vimal Singh Rajput)-Shrimati Kusum Rajput W/o Shri Vimal Singh Rajput, Shri Vimal Singh Rajput S/o Late Shri Khalak Singh Rajput जो नगर/ग्राम Pipalyahana के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक 9390 दिनांक 1997-06-04 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, SELF HOUSE प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक 576, 591 को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती/मेसर्स (Vimal Singh Rajput)-Shrimati Kusum Rajput W/o Shri Vimal Singh Rajput; Shri Vimal Singh Rajput S/o Late Shri Khalak Singh Rajput जो नगर Indore ग्राम Pipalyahana के खसरा क्रमांक 574 (S) में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक 9390 दिनांक 1997-06-04 दुद्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, SELF HOUSE प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम Pipalyahana खसरा क्रमांक 574 (S) रकबा 0.028809 भूमि जिसका भूमि उपयोग RESIDENTIAL है, के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू-खण्ड/भू-खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=6H2bnN90ug1973 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, इन्दौर, मध्यप्रदेश